128

न्यायालय श्रीमान राजस्व मण्डल ग्वालियर म0प्र0 संभाग रीवा



रामपाल पाण्डेय तनय स्व0 श्री जनार्दन प्रसाद पाण्डेय उम्र 62 वर्ष पेशा सेवा निवृत्त कर्मचारी नि0 खुटेही तह0 हुजूर जिला रीवा म0प्र0 हाल निवासी फोर्ट रोड रीवा , तह0 हुजूर जिला रीवा म0प्र0

.....निगरानीकर्ता

बनाम

1. मथुरा प्रसाद पाण्डेय
2. राजीव लोचन पाण्डेय

दोनो पुत्रगण स्व0 सूर्यदीन पाण्डेय , दोनो नि0ग्रा0 खुटेही तह0 हुजूर जिला रीवा म0प्र0

.....गैर निगरानीकर्तागण

निगरानी विरूद्ध आदेश श्रीमान अपर आयुक्त रीवा संभाग रीवा म0प्र0प्र0क्र0 58/निग0/07–08 पारित आदेश दिनांक 03.07.08

निगरानी अन्तर्गत धारा 50 म0प्र0भू0 राजस्व संहिता सन् 1959 ई0

मान्यवर,

प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है :–

1. यह कि निगरानीकर्ता भूमि ख0क्र0 204/2 रकवा 0.050 हे0 स्थित ग्राम खुटेही , तह0 हुजूर जिला रीवा म0प्र0 का राजस्व अभिलिखित भूमिस्वामी है। उक्त भूमि में निगरानीकर्ता का मकान निर्मित है , मौके से कब्जा दखल है जिसे आगे निगरानी में सुविधा की दृष्टि से विवादित भूमि के नाम से संबोधित किया जावेगा ।

2. यह गैर निगरानीकर्तागण ने विचारण न्यायालय तहसीलदार , तह0 हुजूर जिला रीवा के समक्ष विवादित भूमि में कब्जा दर्ज करवाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जो जरिये प्र0क्र0 15/6अ –6/1999–1998 पंजीबद्ध हुआ जहॉ पर निगरानीकर्ता द्वारा यह आपत्ति प्रस्तुत की गई कि गैर निगरानीकर्तागण के आवेदन पर धारा 115 म0प्र0भू0रा0सं0 के तहत

न्यायालय राजस्व मण्डल, म0 प्र0,ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक 870–तीन/08 जिला–रीवा

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
22.01.18	आवेदक के अधिवक्ता श्री आर0 एस0 सेंगर उपस्थित होकर आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 22 नियम 3, 4 सी0पी0सी0 का आवेदन प्रस्तुत कर अनुरोध किया गया है कि प्रकरण में दिनांक 11.1.09 को आवेदक रामपाल पाण्डेय तनय जनार्दन प्रसाद पाण्डेय की मृत्यु हो गई थी । उनके विधिक वारिसानों को अभिलेख पर नहीं लिया गया है और न ही उनके द्वारा कोई सूचना दी गई है । अतः प्रकरण अवैट किया जावे। 2– आवेदक के अधिवक्ता के आवेदन पर विचार किया तथा प्रस्तुत दस्तावेजों का अध्ययन किया गया । अध्ययन से स्पष्ट है कि प्रकरण में 9 वर्ष पश्चात आवेदक के मृत होने की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई । अतः प्रकरण अवैट (Abete) होने से इसी स्तर पर समाप्त किया जाता है। सदस्य	